प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 30.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, मतदाता सूची में फोटो की गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश।
2. नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य में सरगर्मी तेज, बीजेपी ने रांची में की रणनीतिक बैठक, धनबाद, लोहरदगा, खूंटी सहित अन्य जिलों में बिके नामांकन पत्र।
3. झारखंड कौशल उत्कर्ष के विजेता हुए सम्मानित, श्रम, नियोजन और प्रशिक्षण मंत्री ने कहा सभी प्रखंडों में नए कौशल केंद्र खोले जाएंगे, प्रशिक्षित युवाओं को मिलेगा अवसर।
4. प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने बरियातु स्थित एक निजी अस्पताल की जमीन मामले में मुख्य सचिव की पत्नी को भेजा नोटिस, मांगे दस्तावेज।

और

5. लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में 68वीं झारखंड ओपन एथलेटिक मीट का हुआ भव्य शुभारंभ, विभिन्न जिलों से आए 600 से अधिक खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की कई स्पर्धाओं में ले रहे हैं हिस्सा।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मतदाता सूची में फोटो की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की नई फोटो अपलोड कर ब्लर फोटोज से जुड़े सभी मामलों का 4 फरवरी तक निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ और मतदाताओं के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए ईसीआईनेट के तहत "बुक ए कॉल विथ योर बीएलओ" सुविधा से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान करने को कहा। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए।

***************

नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में रांची स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय में एक बैठक हुई। इस दौरान नगर निकाय चुनाव की रणनीति, भाजपा समर्थित मेयर पद के संभावित प्रत्याशियों के नामों और संगठनात्मक तैयारियों समेत कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इधर धनबाद में जिले की पूर्व मेयर इंदु सिंह ने महापौर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। लोहरदगा नगर परिषद चुनाव के तहत नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 4 फॉर्म बिके, जबकि वार्डों में कुल 30 से अधिक नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। आज एकमात्र नामांकन वार्ड–19 से वार्ड पार्षद पद के लिए राजीव रंजन ने दाखिल किया। खूंटी नगर पंचायत चुनाव को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के 19 वार्डों में नामांकन पत्रों की खरीद शुरू हो चुकी है। दो दिनों में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 2 और वार्ड पार्षद पद के लिए 43, कुल 45 नामांकन पत्रों की खरीददारी की गई है।

***************

देश के आम बजट पर वित्त मंत्री राधकृष्ण किशोर ने कहा है कि हमें पूरी उम्मीद हैं राज्य का जो केंद्र पर एक लाख 36 हजार करोड़ का बकया हैं उसे दिया जायेगा। श्री किशोर ने कहा जी राम जी योजना के तहत जो नया नियम आया है उससे झारखंड पर बोझ बढ़ेगा।

वहीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट पर सबकी निगाहें अभी टिकी हुई है।

***************

झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित 'झारखंड कौशल उत्कर्ष' के समापन समारोह में श्रम, नियोजन और प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव ने राज्य के 39 विजेताओं को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि ये विजेता केवल राज्य के नहीं, बल्कि चीन में होने वाले आगामी इंडिया स्किल कंपटीशन – 2026 में झारखंड के राजदूत बनेंगे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने हुनर का लोहा मनवाएंगे।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रांची लोक भवन में झारखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एल. खियांग्ते ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्य के विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति के मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

***************

प्रवर्तन निदेशालय ईडी रांची में हुए जमीन घोटाला मामले की जांच कर रहा है। ईडी ने मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को नोटिस भेजकर बरियातु स्थित एक निजी अस्पताल की कथित जमीन से संबंधित दस्तावेज की मांग की है। ईडी उक्त जमीन मामले में पिछले तीन साल से जांच कर रही है।

***************

गिरिडीह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आज "रन फॉर रोड सेफ्टी" मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को गिरिडीह डीडीसी स्मृता कुमारी ने समाहरणालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर स्मृता कुमारी ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की जरूरत पर जोर दिया और बताया कि एक माह तक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

***************

रामगढ़ से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ऐतिहासिक यादें जुड़ी हुई हैं। मरणोपरांत गांधी जी के 16 अस्थि कलश देशभर में स्थापित किए गए, जिनमें से एक रामगढ़ के दामोदर घाट स्थित मुक्तिधाम संस्था में रखा गया है। गांधी जी की पुण्यतिथि पर आज इस स्थल पर उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज़, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, विधायक ममता देवी सहित आयोजक मंडल और शहर के गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपायुक्त ने बापू को अहिंसा और सत्य के मार्ग पर पूरी दुनिया का मार्गदर्शक बताया।

***************

जमशेदपुर पुलिस ने चर्चित कारोबारी के अपहरण मामले में बिहार के गया, पटना और नालंदा से इस कांड में शामिल छह आरोपियों को हिरासत में लिया और हथियार व गोलियां बरामद कीं। जिले के एसएसपी पियुष पांडेय ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस पर फायरिंग की कोशिश की गई, जवाबी कार्रवाई में तीन आरोपी घायल हुए, जिन्हें एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

***************

लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में 68वीं झारखंड ओपन एथलेटिक मीट का भव्य शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन उपायुक्त डॉ. ताराचंद और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 600 से अधिक खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की कई स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं।

********समाप्त*********